प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा–नया सहकारी कोड़, सहकारी समितियों को आधुनिक बनाने की दिशा में व्यापक सुधार लायेगा।
- सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयों की बजाय जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गिरिजा व्यास का निधन।
- प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदला–कई स्थानों पर आंधी, बारिश–कहीं कहीं ओलावृष्टि।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि सहकार से समृद्धि की भावना के साथ राज्य सरकार प्रदेश के सभी गांवों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कल जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर सहकारिता विभाग की स्टेट अपेक्स कमेटी की पहली बैठक को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सहकारिता अधिनियम को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए नया सहकारी कोड तैयार किया जा रहा है। यह कोड सहकारी समितियों के आधुनिकीकरण की दिशा में व्यापक सुधार लाएगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत उन्होंने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए विभाग की ओर से विभिन्न अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कल ही ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन की समीक्षा बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निवेश प्रस्तावों का मूल्यांकन करते हुए धरातल पर इनकी प्रगति और इससे मिलने वाले रोजगार की मॉनिटरिंग करने को कहा।

....................

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयों के बजाय जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय पहले ही यह आदेश दे चुका है। दवा कंपनियों की मनमानी से जुडी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि इस निर्णय का पूरे देश में पालन करने से महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की तीन न्यायाधीशों, न्यायमूर्ति संदीप मेहता, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संजय करोल की पीठ ने यह आदेश दिया। अदालत ने कहा कि इससे डॉक्टरों को दवाऐं बेचने वाली कंपनियों द्वारा कथित तौर पर रिश्वत देने का मुद्दा हल हो जाएगा।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज केरल के तिरुवनंतपुरम में देश के पहले अर्ध स्वचालित, विझिनजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बंदरगाह के संचालन भवन का दौरा करेंगे और नियंत्रण प्रणालियों का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के अमरावती में 58 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

....................

**और अब रूख करते है वेव्स शिखर सम्मेलन से जुडी खबरों का –**

....................

मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में वेव्स शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में भारत आज पहली बार ग्लोबल मीडिया डायलॉग की मेजबानी करेगा। वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दृष्टि से यह बहुत महत्वपूर्ण आयोजन है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय, ग्लोबल मीडिया डायलॉग का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है। इसमें एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमरीका के प्रतिनिधिमंडलों सहित 60 से अधिक देशों के भाग लेने की संभावना है। संवाद का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहन और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

....................

राज्य में औद्योगिक विकास और स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए एक जिला एक उत्पाद नीति चलाई जा रही है। नीति के तहत अजमेर जिले में मार्बल और ग्रेनाईट को उत्पाद चुना गया है। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि इसके तहत मार्बल और ग्रेनाईट से जुडे व्यवसाइयों को विशेष लाभ दिये जायेंगे।

...................

पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गिरिजा व्यास का कल निधन हो गया। वे 79 वर्ष की थीं। अहमदाबाद स्थित एक अस्पताल में कल शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. व्यास 31 मार्च को गणगौर पूजा के दौरान कपडो में आग लगने से झुलस गई थीं। 90 प्रतिशत झुलसने से उनकी हालत बिगड़ती गई और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। गिरिजा व्यास केंद्र और राज्य में मंत्री रहीं। वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भी रहीं। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए महिलाओं के कल्याण को लेकर कई काम किए। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने डॉ. व्यास के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में शोक संतृप्त परिवार को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने संदेश में लिखा कि गिरिजा व्यास का निधन प्रदेश की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संदेश में शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि डॉ. व्यास का असमय जाना सभी के लिए बडा आघात है।

.................

ईडी मामलों की विशेष अदालत ने जल जीवन मिशन के करीब 900 करोड़ रुपए घोटाले से जुडे मामले में पूर्व मंत्री महेश जोशी की अंतरिम जमानत अवधि बढाये जाने संबंधी अर्जी पर दोनों पक्षों की बहस सुन ली है। अदालत आज प्रार्थना पत्र पर अपना फैसला देगी। ईडी कोर्ट ने पत्नी के निधन के चलते जोशी को गत 28 अप्रैल को अंतिम क्रिया कर्म और धार्मिक रिवाज पूरा करने के लिए 4 दिन की अंतरिम जमानत दी थी।

...............

पाली के जाखा नगर में आज सुबह एक सड़क हादसे में कार में सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं तीन अन्य घायल हो गये। ये दुर्घटना तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर एक ट्रक से पीछे से टकरा जाने से हुई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं रानी में कल देर शाम हुई एक अन्य दुर्घटना में कार और टैम्पो की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई और आठ लोग घायल हो गए।

.....................

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदल गया है। आज कई क्षेत्रों में बादल छाये हुए है और सुबह से ही हवायें चल रही है। चूरू में सुबह आये अंधड से कई जगह पेड़ टूट गये। भरतपुर में आंधी के बाद हल्की बरसात हुई। राज्य के अधिकांश स्थानों पर कल देर शाम आंधी चली और हल्की बारिश की गतिविधियां दर्ज की गयी। कहीं–कहीं ओले गिरने के भी समाचार है। बाडमेर, श्रीगंगानगर, सवाईमाधोपुर, करौली और बालोतरा में धूलभरी हवायें चली। दौसा, बारां में आंधी से कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। हनुमानगढ में आंधी से कई पेड़ टूट गये। पाली के धनला में बिजली का ट्रांसफार्मर गिरने से कई खम्भे उखड गये। जैसलमेर में देर रात तक रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला चलता रहा। भीलवाडा में कई जगहों पर बारिश के साथ ओले भी गिरे। राजधानी जयपुर में भी कुछ इलाकों में आंधी के बाद बरसात हुई और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि हुई।

.....................

मौसम विभाग ने आज और कल बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में कहीं–कंही तेज रफ्तार से धूलभरी हवाये़ं चलने और बारिश होने की प्रबल संभावना जतायी है। आंधी–बारिश की गतिविधियां 4 से 7 मई तक राज्य के कुछ भागों में जारी रहने के आसार है। इससे तापमान में 3–4 डिग्री की गिरावट आयेगी।

.........................